हरिभूमि

# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि

रोहतक, बुधवार 1 जुलाई 2026

13 एचएसईबी वर्कर यूनियन ने किया प्रदर्शन



14 वार्ड-18 में 1.90 करोड़ से होंगे विकास कार्य



## चार व पांच जुलाई को आयोजित होने वाली एचटेट परीक्षा को लेकर उपायुक्त ने ली संबंधित अधिकारियों की बैठक

# एचटेट को लेकर जिले में बनाए 14 परीक्षा केंद्र, 8649 परीक्षार्थी लेंगे भाग

**परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, पेयजल, बिजली, बैठने की व्यवस्था, स्वच्छता व यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने के दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

आगामी चार व पांच जुलाई को आयोजित होने वाली हरियाणा अध्यापक पात्रता परीक्षा (एचटेट) को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। डीसी वर्षा खांगवाल ने मंगलवार को एचटेट के आयोजन को लेकर लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित बैठक में परीक्षा व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

डीसी वर्षा खांगवाल ने बताया कि जिला में एचटेट परीक्षा के लिए कुल 14 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 11 केंद्र झज्जर तथा 3 केंद्र बहादुरगढ़ में स्थापित किए गए हैं। इन केंद्रों पर 8649 परीक्षार्थियों के परीक्षा में शामिल होने की संभावना है। दो दिन में होने वाली तीनों लेवल की परीक्षाओं को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में कंट्रोल रूम स्थापित किया जाएगा। उन्होंने सभी केंद्र अधीक्षकों को निर्देश दिए कि परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, पेयजल, बिजली, बैठने की व्यवस्था, स्वच्छता, यातायात प्रबंधन तथा अन्य सभी आवश्यक सुविधाएं समय रहते सुनिश्चित की जाएं।




झज्जर। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए डीसी वर्षा खांगवाल।

### यह रहेगा शेड्यूल

डीसी ने बताया कि चार जुलाई को सायं कालीन सत्र में लेवल-3 की परीक्षा दोपहर 3 बजे से शाम 5:30 बजे तक आयोजित होगी। वहीं 5 जुलाई को प्रातःकालीन सत्र में लेवल-2 की परीक्षा सुबह 10 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक तथा सायं कालीन सत्र में लेवल-1 की परीक्षा दोपहर 3 बजे से शाम 5:30 बजे तक आयोजित की जाएगी। इन केंद्रों पर एचटेट लेवल 3 परीक्षा में 2480, लेवल 2 परीक्षा में 4352 और लेवल-1 परीक्षा में 1817 परीक्षार्थी भाग लेंगे।

### 200 मीटर परिधि में बंद रहेंगी फोटोस्टेट की दुकानें

झज्जर : एचटेट को लेकर डीसी ने धारा-163 के तहत आदेश जारी किए हैं। परीक्षा अवधि के दौरान परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में पांच या उससे अधिक व्यक्तियों के एकत्रित होने पर प्रतिबंध रहेगा। परीक्षा केंद्रों की 200 मीटर की परिधि में स्थित फोटोस्टेट व प्रिंटिंग की दुकानें बंद रहेंगी।

## खबर संक्षेप

### करंट की चपेट में आने से प्रवासी युवक की मौत

**झज्जर।** शहर के बेरी गेट क्षेत्र में करंट की चपेट में आने से प्रवासी श्रमिक की मौत हो गई। मृतक की पहचान राजस्थान के बिठानी गांव निवासी कालू बागरिया पुत्र नौरथ के तौर पर हुई है। मामले की जांच अधिकारी मनीषा ने बताया कि कालू बागरिया पिछले कई वर्षों से इस क्षेत्र में रहकर दिहाड़ी मजदूरी का कार्य कर रहा था। बेरी गेट में एक प्लॉट में बनी उसकी झुग्गी के साथ एक भवन का निर्माण कार्य चल रहा था जिसके चलते वहां सबमर्सिबल लगाकर तराई आदि का कार्य किया जाता था। सोमवार की शाम वहां अर्थिंग के कारण करंट बन गया और कालू बागरिया उसकी चपेट में आ गया। जांच अधिकारी के अनुसार मृतक की पत्नी कविता व मृतक के भाई श्योराज के बयान पर इत्तफाकिया कार्रवाई अमल में लाई गई है।

### झुग्गी में मिला महिला का शव, पति लापता

**बहादुरगढ़।** गांव लडरावण में स्थित झुग्गी में प्रवासी महिला का शव मिला है। शरीर पर किसी तरह के चोट के निशान नहीं मिले हैं। मौत किसी बीमारी से हुई है या फिर वह वारदात का शिकार हुई, यह अभी स्पष्ट नहीं है। महिला का पति भी गायब है। सदर थाना पुलिस मामले में जांच की जा रही है। दरअसल, मंगलवार की सुबह झुग्गी के आसपास दुर्गंध फैली हुई थी। किसी ने अंदर देखा तो महिला मृत हालत में थी। सदर थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। सामने आया है कि 2 दिन पहले ही महिला अपने पति के साथ मध्यप्रदेश से यहां आई थी और मंगलवार को उसका शव बरामद हुआ। मृतका की उम्र करीब 32 वर्ष आंकी जा रही है और मौके से मिले दस्तावेजों में कविता नाम सामने आया है, जबकि पति का नाम संतराम बताया गया है।

### कांग्रेस नेता के कार्यालय में चोरी

**बहादुरगढ़।** इलाके में चोरी के मामले बढ़ रहे हैं। अब चोरों ने सोमवार रात को किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष दीपक देशवाल के गांव दुल्हेड़ा में स्थित कार्यालय को निशाना बनाया। पहले चोरों ने विंडो एसी उखाड़ा और फिर उसी रास्ते से अंदर घुसकर इनवर्टर बैट्री सहित अन्य सामान पर हाथ साफ कर दिया। मंगलवार सुबह जब दीपक देशवाल अपने कार्यालय में गए तो वारदात का पता चला। अंदर सारा सामान बिखरा हुआ था। एयर कंडिश्नर, इनवर्टर बैट्रियां आदि सामान गायब था। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

### गर्मी व उमस से जीना हुआ मुश्किल

**बहादुरगढ़।** एनसीआर में मंगलवार को भी भीषण गर्मी और उमस ने लोगों का जीना मुश्किल रखा है। लोगों को दोपहर में तेज धूप से बचने, पर्याप्त पानी पीने और जरूरत पड़ने पर ही बाहर निकलने की सलाह दी गई है। हालांकि अगले कुछ दिनों में मौसम का मिजाज बदलने वाला है और बारिश हो सकती है।

## टीकरी बॉर्डर पर बदहाल सड़क और लंबा जाम बढ़ा रहा परेशानी

# गड्ढों से भरी दिल्ली की राह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सिटी पल्स

देश की राजधानी दिल्ली और हरियाणा को जोड़ने वाला टीकरी बॉर्डर बदहाल सड़क और भारी ट्रैफिक जाम के कारण लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बना हुआ है। बहादुरगढ़ से दिल्ली जाने वाले और दिल्ली से बहादुरगढ़ प्रवेश करने वाले मार्ग पर सड़क जगह-जगह से टूटी हुई है। बड़े-बड़े गड्ढों के कारण वाहनों की रफ्तार धीमी हो जाती है और कई बार वाहन चालक अचानक ब्रेक लगाने को मजबूर हो जाते हैं। इसका सीधा असर यातायात पर पड़ता है और सुबह-शाम लंबा जाम लग जाता है। सबसे अधिक परेशानी नौकरीपेशा लोगों, छात्रों, व्यापारियों और औद्योगिक क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारियों को उठानी पड़ रही है। रोजाना हजारों वाहन इस मार्ग से गुजरते हैं, लेकिन सड़क की बदहाली के कारण काफी समय लग जाता है।



बहादुरगढ़। टीकरी बॉर्डर के निकट खस्ताहाल सड़क, जिससे बरसात में और ज्यादा दिक्कत हो सकती है।

### लाखों की जीवनरेखा

टीकरी बॉर्डर पर सड़क का एक हिस्सा बॉटल नेक बन चुका है। यहां वाहनों की संख्या अधिक होने और सड़क की चौड़ाई कम पड़ने के कारण ट्रैफिक का दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। ऊपर से सड़क पर बने गड्ढे स्थिति को गंभीर बना देते हैं। भारी वाहन, बसें और ट्रक धीमी गति से गुजरते हैं, जिससे पीछे लंबी कतारें लग जाती हैं। दिल्ली और हरियाणा के बीच यह मार्ग लाखों लोगों की जीवनरेखा है। यदि समय रहते सड़क की मरम्मत और यातायात सुधार के ठोस कदम नहीं उठाए गए तो आने वाले दिनों में समस्या और गंभीर हो सकती है।

### बारिश में नहीं दिखते गड्ढे



राजबीर छिल्लर ने बताया कि हर रोज यही परेशानी झेलनी पड़ती है। सड़क पर इतने गहरे गड्ढे हैं कि वाहन बचाते-बचाते जाम लग जाता है। कई बार दोपहिया वाहन चालक गिरते-गिरते बचते हैं। बारिश के दौरान गड्ढों में पानी भर जाता है, जिससे उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता। ऐसे में दोपहिया वाहन चालकों के दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बढ़ जाता है।

### गाड़ियां भी हो रहीं क्षतिग्रस्त



मुनीष जैन का कहना है कि गड्ढों के कारण गाड़ियों की मरम्मत का खर्च बढ़ गया है। सस्पेंशन और टायर जल्दी खराब हो जाते हैं। दिल्ली जाने के लिए उन्हें समय से काफी पहले घर से निकलना पड़ता है। कई बार केवल टीकरी बॉर्डर पार करने में ही 20 से 40 मिनट तक लग जाते हैं। समय, सुरक्षा और आर्थिक नुकसान का खामियाजा हो रहा है।

### प्रदूषण भी बढ़ रहा



प्रदीप रेढू के अनुसार सुबह नौकरी पर पहुंचने की चिंता और शाम को घर लौटने की जल्दी रहती है, लेकिन टीकरी बॉर्डर का जाम रोजाना की परीक्षा बन गया है। रोजाना यही स्थिति बनी रहती है। इस कारण प्रदूषण भी बढ़ जाता है। यदि सड़क दुरुस्त हो जाए और यातायात व्यवस्था बेहतर बनाई जाए तो काफी राहत मिल सकती है।

# ट्रक व कार की टक्कर में कबड्डी खिलाड़ी की मौत, 4 साथी घायल

■ पानीपत निवासी व परिवार का इकलौता बेटा हिमांशु रोहतक में ले रहा था कबड्डी प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव दुल्हेड़ा में सोमवार रात को दर्दनाक हादसा हो गया। यहां कार और ट्रक की भीषण टक्कर हो गई। हादसे में कार में सवार एक कबड्डी खिलाड़ी की मौत हो गई, जबकि 4 अन्य युवक घायल हो गए। घायल पीजीआई रोहतक में भर्ती हैं। मंगलवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया। पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

मृतक की पहचान करीब 20 वर्षीय हिमांशु के रूप में हुई है। वह पानीपत जिले का रहने वाला था। वह परिवार का इकलौता पुत्र था और रोहतक स्थित एक एकेडमी में प्रशिक्षण लेता था। जानकारी के अनुसार, बीती रात को वह किसी समारोह से लौट रहा था। गाड़ी में उसके साथ उसके 4 अन्य साथी भी सवार थे। गांव दुल्हेड़ा के निकट पहुंचे तो यहां एक ट्रक के साथ कार की भीषण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर बिखर गया। कार में सवार युवकों को काफी चोट आई। शोर सुनकर आसपास रहने वाले लोग दौड़े और बचाव कार्य शुरू किया। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची। युवकों को झज्जर के अस्पताल ले जाया गया, जहां से 4 युवक रेफर कर दिए गए लेकिन हिमांशु की मौत हो गई। मंगलवार को परिजनों के बयान के बाद पुलिस ने शव के पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कराई। इस संबंध में परिजनों के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है।



बहादुरगढ़। दुल्हेड़ा में हुए हादसे में क्षतिग्रस्त कार।

### रोहणा में डूबे युवक का शव जसोरखेड़ी के पास माइनर में मिला

**बहादुरगढ़।** गांव जसोरखेड़ी से गुजर रही एनसीआर माइनर में एक युवक का शव बरामद हुआ। मृतक युवक सोनीपत जिले के रोहणा गांव का रहने वाला था। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। घटना को संयोग मानकर कार्रवाई की गई है। मृतक की पहचान 21 वर्षीय आदित्य के रूप में हुई है। जानकारी के मुताबिक, आदित्य रोहणा में अपने भांजे के साथ पानी लेने के लिए गया था। जब माइनर किनारे था तो उसका पांव फिसल गया और वह डूब गया। सूचना पाकर वहां की पुलिस मौके पर पहुंची और सर्च अभियान शुरू किया। तब से आदित्य को माइनर में तलाशा जा रहा था। इसी बीच सोमवार को करीब 14 किलोमीटर दूर जसोरखेड़ी से गुजर रही एनसीआर माइनर में किनारे पर अटका शव देखा गया। आदित्य अपने परिवार में इकलौता पुत्र था।

## 2371 अपराधियों की पहचान कर जांच की

# दस अवैध हथियारों के साथ सात आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिला पुलिस द्वारा आरजेएसएफ अभियान के तहत विशेष सत्यापन एवं चेकिंग अभियान लगातार चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य पिछले दस वर्षों के दौरान जघन्य अपराधों एवं शस्त्र अधिनियम के मामलों में गिरफ्तार आरोपियों तथा आदतन अपराधियों का सत्यापन कर उनकी वर्तमान गतिविधियों पर निगरानी रखना तथा अपराधों की पुनरावृत्ति पर अंकुश लगाना है।

प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह के निर्देशानुसार चलाए जा रहे अभियान के प्रथम चरण में शस्त्र अधिनियम एवं हथियार संबंधी मामलों का विश्लेषण कर 2,371 अपराधियों की पहचान की गई। इनमें से 254 अपराधी वर्तमान में विभिन्न जेलों में बंद पाए गए, जबकि 34 अपराधियों की मृत्यु हो चुकी है। शेष अपराधियों में से लगभग 650 का भौतिक सत्यापन एवं फील्ड स्तर पर निरीक्षण किया जा चुका है। जिसमें सात अपराधी अवैध हथियार रखने तथा आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाए गए। जिस पर कार्रवाई करते हुए सभी सात आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध सात नए मुकदमे दर्ज किए गए। कार्रवाई के दौरान आरोपियों के कब्जे से दस अवैध हथियार तथा 30 कारतूस बरामद किए गए। पुलिस आयुक्त डॉक्टर राजश्री सिंह ने कहा कि जिला पुलिस आधुनिक तकनीक, डेटा विश्लेषण एवं खुफिया सूचना आधारित पुलिसिंग के माध्यम से आदतन एवं संगठित अपराधियों पर लगातार पैनी नजर बनाए हुए है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में भट्ठे पर प्रवासी श्रमिक की मौत

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव सूरहा स्थित एक ईंट भट्ठे पर कार्यरत प्रवासी श्रमिक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान बिंदू मांझी पुत्र बाबूराम के तौर पर हुई है। मामले के जांच अधिकारी धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि बिंदू शराब पीने का आदी था तथा सोमवार की रात को भी शराब पीकर अपनी झुग्गी में सोया था। मंगलवार की सुबह जब देर तक वह बिस्तर से नहीं उठा तो परिजनों ने उसे संभाला। इसके बाद बिंदू को उपचार के लिए स्थानीय नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के पुत्र चंदन के बयान पर इत्तफाकिया करते हुए पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। आशंका जताई जा रही है कि शराब पीने की वजह से उसकी मौत हुई होगी।




## क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट ने नई पौधशाला की शुरू

# दूध की खाली थैलियों में बना रहे पौध, 5 हजार बांटेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़


पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्लीन एंड ग्रीन ट्रस्ट ने 5 हजार पौधे तैयार करने के लक्ष्य के साथ नई पौधशाला की शुरुआत की है। इस पौधशाला में स्थानीय किस्मों के पौधे तैयार कर उन्हें स्कूलों, सरकारी संस्थानों और सार्वजनिक स्थानों में निःशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। रत्न टाटा सिटी फॉरेस्ट में मौजूद इस पौधशाला में बच्चों को पौध तैयार करने और उनकी देखभाल का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।



बहादुरगढ़। पौध तैयार करने में जुटे पिता-पुत्र।

ट्रस्ट के पदाधिकारियों का मानना है कि इससे नई पीढ़ी में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता और जिम्मेदारी की भावना विकसित होगी। पौधे तैयार करने के लिए इस्तेमाल हो चुकी दूध की प्लास्टिक थैलियों का पुनः उपयोग किया जा रहा है। इससे प्लास्टिक कचरे का बेहतर उपयोग होने के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया जा रहा है। ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने बताया कि पौधशाला में तैयार किए जा रहे पौधे किसी नर्सरी से नहीं खरीदे गए हैं।

इन्हें पेड़ों के नीचे गिरे बीजों तथा पार्कों व अन्य स्थानों पर प्राकृतिक रूप से उगे छोटे पौधों को सुरक्षित स्थान पर विकसित कर तैयार किया जा रहा है। इससे स्थानीय प्रजातियों के संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा और पौधों के जीवित रहने की संभावना भी अधिक रहेगी। इस अभियान में नूना माजरा स्थित श्री श्यामजी गोशाला भी सहयोग कर रही है। गोशाला की ओर से पौधों के लिए गोबर से बनी जैविक खाद उपलब्ध कराई जा रही है



## इक्का का ट्रेलर रिलीज, सनी की दहाड़ से गूंजा कोर्ट रूम, अक्षय ने उड़ाए होश

**मुंबई।** फाइनली सनी देओल और अक्षय खन्ना की मच अवेटेड फिल्म 'इक्का' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में जबरदस्त सस्पेंस और ट्विस्ट होंगे, जिनकी झलक ट्रेलर में देखने को मिली है। अक्षय खन्ना का लुक और अंदाज एकदम 'धुरंधर' के रहमान डकैत की याद दिला रहा है, पर उनके किरदार में कई लेयर्स हैं। 'इक्का' से सनी देओल ओटीटी पर डेब्यू कर रहे हैं और इसमें वकील अर्जुन मेहरा का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म 'इक्का' के ट्रेलर की शुरुआत कोर्ट रूम सीन से होती है, जहां सनी देओल पूछते हैं- आप कोर्ट को बताएंगे कि उस रात क्या हुआ था? फिर अक्षय खन्ना की एंट्री होती है, जो मशहूर इंडस्ट्रियलिस्ट हर्षवर्धन गौर के बेटे शौर्यमान के किरदार में हैं। उन पर एक लड़की की हत्या की कोशिश का आरोप लगता है।

लाइफ Style



# निहारिका

## प्रियंका समेत कई सेलेब्स संग आईं नजर

अभिनेता राघव जुयाल ने निहारिका एनएम के साथ कुछ रोमांटिक तस्वीरें साझा कीं, इसके बाद से ही इनके लिंकअप की अफवाहें उड़ने लगीं। लेकिन, अब इन अफवाहों पर विराम भी लग चुका है। दोनों के बीच कोई अफेयर नहीं है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यह एक फिल्म 'भाई तेरा स्टार है'में साथ नजर आएंगे। इसके लिए ही रोमांटिक तस्वीरों को साझा किया था। लेकिन, इस चर्चा के बीच फैंस जानना चाहते हैं कि निहारिका एनएम कौन हैं? निहारिका एनएम एक कंटेंट क्रिएटर हैं। इंस्टाग्राम पर उनके लगभग 3 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं। वहीं, बाकी प्लेटफॉर्म भी इतने ही लोग उन्हें फॉलो करते हैं। वह सोशल मीडिया पर फिल्मी और फनी किस्म के वीडियो बनाती हैं। अपनी जबरदस्त सोशल मीडिया फॉलोइंग की वजह से वह बॉलीवुड स्टार्स के साथ भी नजर आ चुकी हैं। आमिर खान, प्रियंका चोपड़ा, रणबीर कपूर, महेश बाबू, यश, शुभमन गिल जैसे कई सेलेब्स उनके साथ वीडियो में नजर आ चुके हैं, अपनी फिल्मों का प्रचार कर चुके हैं। साथ ही वह हॉलीवुड स्टार्स के इंटरव्यू भी कर चुकी हैं। इसमें टॉम क्रूज से लेकर जॉन लीजेंड जैसे एक्टर्स भी शामिल हैं। जल्द ही निहारिका एनएम राघव जुयाल के साथ फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' में नजर आएंगी। लेकिन इससे पहले ही वह साउथ सिनेमा में डेब्यू कर चुकी हैं। पिछले साल एक फिल्म 'मित्र मंडली' में वह नजर आईं। इसमें उनका लीड रोल था।निहारिका ने अपने नाम कई अवॉर्ड्स भी किए, जो उन्हें कंटेंट क्रिएशन के लिए मिले हैं।

हॉलीवुड मसाला



## एवरेस्ट विजेता नोर्गे पर बनेगी फिल्म

**लॉस एंजिल्स।** माउंट एवरेस्ट पर पहली बार फतह हासिल करने वाले महान पर्वतारोही तेनजिंग नोर्गे की जिंदगी पर एक फिल्म बनने जा रही है, जिसका नाम 'तेनजिंग' होगा। इस बायोपिक ड्रामा फिल्म में टॉम हिडलस्टन और गेंडन फुंट्सोक मुख्य भूमिका निभाएंगे। इस फिल्म को को एप्पल टीवी द्वारा तैयार किया जा रहा है। इस फिल्म का निर्देशन ऑस्ट्रेलियाई फिल्म निर्माता जेनिफर पीडम करेंगे। फिल्म का लेखक ल्यूक डेविस करेंगे। यह फिल्म 29 मई 1953 की उस ऐतिहासिक घटना पर आधारित है, जब शेरपा तेनजिंग नोर्गे और न्यूजीलैंड के एडमंड हिलेरी ने पहली बार माउंट एवरेस्ट की चोटी पर कदम रखा था।



## यौन उत्पीड़न के आरोपों से बरी हुए ओ योंग-सु

**लॉस एंजिल्स।** वेब सीरीज 'स्क्विड गेम' में ओल्ड मैन और प्लेयर नंबर 001 का किरदार निभाने वाले अभिनेता ओ योंग-सु पर साल 2022 में यौन उत्पीड़न के आरोप लगे थे। इस मामले पर दक्षिण कोरिया की सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में अपना फैसला सुनाया है। कोर्ट ने अभिनेता पर चल रहे मुकदमे का तीन साल बाद अंत कर दिया गया। कोर्ट ने निचली अदालत में ओ योंग-सु को बरी करने के फैसले को सही ठहराया है। 82 वर्षीय एक्टर पर 2017 में एक महिला द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। महिला की शिकायत के अनुसार एक्टर ओ योंग-सु ने एक रीजनल थिएटर टूर के दौरान बिना उनकी इजाजत लिए उन्हें गले लगाया। महिला का कहना था कि एक्टर यहीं नहीं रुके और उन्होंने महिला के गाल पर किस भी किया था।



## फिल्म रिफ्यूजी की मनाई 26वीं सालगिरह

**मुंबई।** करीना कपूर ने मंगलवार को अपनी पहली फिल्म 'रिफ्यूजी' के 26 साल पूरे होना का जश्न मनाया। इस खुशी में करीना ने सोशल मीडिया पर अपने सह-कलाकार अभिषेक बच्चन के साथ कई तस्वीरें भी साझा की हैं। पुरानी यादों को ताजा करते हए करीना ने फिल्म 'रिफ्यूजी' से जुड़ी तीन तस्वीरें इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की हैं। पहली तस्वीर में वह अपने हीरो अभिषेक बच्चन के साथ गले मिलती नजर आ रही हैं। दूसरी तस्वीर में उनका एक क्लोज-अप शॉट है, जिसमें उन्होंने भूरे रंग की शॉल ओढ़ी हुई है। इसके अलावा तीसरी तस्वीर में करीना एक काले रंग के बुर्के में नजर आ रही हैं। करीना ने इन तस्वीरों के साथ कोई लंबा मैसेज नहीं लिखा, बल्कि सिर्फ एक लाल दिल वाला इमोजी बनाकर अपना प्यार जताया है। फिल्म 'रिफ्यूजी' 30 जून 2000 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।



## एलवीसी63 में कई तरह के लुक्स में दिखेंगे

**मुंबई।** फिल्म 'एसवीसी63' में मशहूर मेकअप और प्रोस्थेटिक डिजाइनर प्रीतिशील सिंह को सलमान खान के लिए एक खास लुक तैयार करने के लिए चुना गया है। यह फिल्म वामसी पैदिपल्ली के निर्देशन और दिल राजू के प्रोडक्शन में बन रही है। दिल राजू ने बताया कि सलमान फिल्म की शूटिंग का भरपूर आनंद ले रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म में सुपरस्टार कई तरह के लुक्स में नजर आएंगे। उन्होंने कहा, 'सलमान सेट पर खूब मजा कर रहे हैं, उनके कई अलग-अलग लुक्स होंगे। फिल्म में भरपूर हीरोइज्म और 'वाउ फैक्टर' होगा।' 'धुरंधर' फिल्म के एक्शन स्टार इस फिल्म में भी काम कर रहे हैं। कोरियन एक्शन टीम को 'मिस्टर ओह' के नाम से मशहूर सी यंग ओह लीड कर रहे हैं। उन्होंने 'धुरंधर' और 'किल एंड वॉर' जैसी फिल्मों पर काम किया है।

टीवी मसाला



## अब होगा हिसाब सीजन 2 का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** 'अब होगा हिसाब' सीरीज की जबरदस्त सफलता के बाद मेकर्स ने अब इसका दूसरा सीजन अनाउंस कर दिया है। साथ ही दूसरे सीजन का ट्रेलर भी रिलीज कर दिया है। 18 जून को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन एमएक्स प्लेयर पर रिलीज हुई 'अब होगा हिसाब' ने दर्शकों के बीच अपनी दमदार कहानी और बेहतरीन परफॉर्मेंस के कारण खास जगह बनाई। दर्शकों के जबरदस्त प्यार को देखते हुए अब इस सीरीज के दूसरा सीजन का ऐलान कर दिया गया है। 'अब होगा हिसाब' का दूसरा सीजन 3 जुलाई को प्रीमियर किया जाएगा। संजय कपूर और शहीर शेख के अलावा 'अब होगा हिसाब सीजन 2' में मौनी रॉय, अविनाश मिश्रा, निमृत कौर अहलूवालिया, हरमन सिंघा और आशीमा वर्धान जैसे शानदार कलाकार हैं। 'अब होगा हिसाब 2' की कहानी की गहराई, बढ़ता हुआ रोमांच और कई ऐसे चौंकाने वाले मोड़ देखने को मिलेंगे, जो दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखेंगे। 'अब होगा हिसाब' के दूसरे सीजन का ट्रेलर वहीं से शुरू होता है, जहां पहला सीजन खत्म हुआ था। शहीर शेख द्वारा निभाया गया बॉबी का किरदार अब सिर्फ एक ही मकसद में लगा हुआ है, अपने भाई बंटी को ढूंढना और सच्चाई सामने लाना। इसके लिए वह किसी भी हद तक जाने को तैयार है। उसकी तलाश उसे संजय कपूर द्वारा निभाए गए गोल्डी के किककी दुनिया तक ले जाती है, जो सबसे प्रभावशाली और सतर्क लोगों में से एक है। लेकिन गोल्डी तक पहुंचना इतना आसान नहीं है।

### माइकल की बायोपिक ओटीटी पर रिलीज

**मुंबई।** थिएटर में जबरदस्त कामयाबी के बाद, माइकल जैक्सन की बायोपिक 'माइकल' अब ओटीटी पर आ गई है। यह इस साल की सबसे



बड़ी ग्लोबल हिट फिल्मों में से एक रही। अगर आपने यह फिल्म नहीं देखी है, तो आसानी से घर बैठकर देख सकते हैं। इस बायोपिक से आपको माइकल जैक्सन की जिंदगी को और करीब से जानने का मौका मिलेगा। 'माइकल' को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। यह इस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होना शुरू हो गई है। इंग्लिश के अलावा हिंदी में भी देख सकते हैं। इस फिल्म में माइकल जैक्सन का किरदार उनके भतीजे जाफर ने निभाया है। लुक्स और हाव-भाव में वह बिल्कुल चाचा माइकल जैक्सन जैसे लगते हैं। 'माइकल' की कमाई की बात करें , तो यह दुनियाभर में अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली बायोपिक बन गई है। इसने दुनिया भर में $977 मिलियन की कमाई यानी ₹9,050.23 करोड़ कमाए हैं।

## उन्हें इसमें दिलचस्पी थी कि गाएगी- नाचेगी

### बारिश में भीगेगी, अपनी बोल्ड इमेज पर जीनत ने तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली।** जीनत अमान ने अपनी बोल्ड इमेज पर चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि फिल्ममेकर्स उनके क्रिएटिव इनपुट के बजाय उनके लुक्स में ज्यादा दिलचस्पी रखते थे। जीनत ने अपने यूट्यूब चैनल पर शुभ्रा अयप्पा के साथ एक इंटरव्यू में कहा, 'मुझे हमेशा लगा कि मेरे बारे में जो दिखाया जाता था और मैं असल में जैसी थी, उन दोनों में बहुत फर्क था। बोल्ड अभिनेत्री का ठप्पा मुझ पर बहुत लंबे समय तक लगा रहा। जब लोग मुझसे मिलते थे, तो उन्हें एहसास होता था कि मैं असल में उन किरदारों जैसी बिल्कुल नहीं थी जिन्हें मैंने निभाया था।

*ग्लोबल ट्रेंड्स ने स्टाइल पर असर डाला :* जीनत ने अपने फैशन सेंस और इस बारे में भी बात की कि कैसे अमेरिका से भारत लौटने के बाद ग्लोबल ट्रेंड्स ने उनके स्टाइल पर असर डाला। उन्होंने कहा कि कॉस्ट्यूम डिजाइन का काम अक्सर भानु अथैया जैसे मशहूर डिजाइनरों के साथ मिलकर किया जाता था। हालांकि, उन्होंने बताया कि अक्सर उनके अपने सुझाव फिल्ममेकर्स की चाहत के मुकाबले ज्यादा संयमित होते थे। जीनत अमान ने इंडस्ट्री में असमान वेतन के मुद्दे पर भी बात की और कहा कि इस अंतर की वजह पितृसत्तात्मक व्यवस्था में छिपी है।



#### लीड एक्ट्रेस थी, पर मेरी नहीं चलती थी

जीनत अमान ने दौर में इंडस्ट्री में काम करने के बारे में बात करते हुए बताया कि सेट पर ज्यादातर पुरुषों का ही बोलबाला होता था। अपने हेयरड्रेसर के अलावा, अक्सर वही एकमात्र महिला होती थीं। लीड एक्ट्रेस होने के बावजूद उन्होंने कहा कि अपने किरदारों को गढ़ने या उन्हें दिखाने के तरीके में उनकी बहुत कम चलती थी, क्योंकि ध्यान ज्यादातर उनके लुक पर ही रहता था। जीनत अमान के मुताबिक, किसी को भी मेरे दिमागी काम में कोई दिलचस्पी नहीं थी। उन्हें तो बस इसमें दिलचस्पी थी कि ये गाएगी,, नाचेगी, दो डायलॉग बोलेगी, बारिश में भीगेगी।

## खुशी से झूमीं कंगना पूरी की क्वीन-2 की शूटिंग



मुंबई। कंगना रनौत अपनी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'भारत भाग्य विधाता' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा नहीं कर सकी। इस बीच उनकी अपकमिंग फिल्म 'क्वीन 2' को लेकर नई अपडेट आई है। खबर है कि कंगना ने अपनी मशहूर फिल्म 'क्वीन' के बहुप्रतीक्षित सीक्वल 'क्वीन 2' की शूटिंग पूरी कर ली है। एक्टर-फिल्ममेकर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर यह जानकारी दी। उन्होंने कास्ट और क्रू के साथ शूटिंग खत्म होने का जश्न मनाते हुए एक फोटो शेयर की। फोटो में रनौत को फिल्म की टीम के साथ देखा गया। शूटिंग पूरी होने के साथ ही, यह प्रोजेक्ट अब पोस्ट-प्रोडक्शन स्टेज में है। 'क्वीन 2' में कंगना रनौत के मशहूर किरदार 'रानी' की वापसी हो रही है। दर्शकों ने फिल्म 'क्वीन' को काफी प्यार दिया था। 2014 में रिलीज हुई ओरिजिनल 'क्वीन' का निर्देशन विकास बहल ने किया था और इसे समीक्षकों से खूब तारीफ मिली थी। फिल्म में कंगना रनौत ने रानी मेहरा का किरदार निभाया था। रानी दिल्ली की एक ऐसी लड़की थी, जिसे हमेशा घर की चारदीवारी में रखा गया था। जब उसका मंगेतर (राजकुमार राव) शादी तोड़ देता है, तो वह अकेले ही हनीमून पर निकल पड़ती है। यूरोप की अपनी यात्रा के दौरान, रानी का आत्मविश्वास बढ़ता है, वह आजादी को अपनाती है।

### किशोर कुमार ने लगाई थी गजब ट्रिक, आज भी है हिट

# 54 साल पुराना गीत, जिसे खाली चाय के कप के साथ किया रिकॉर्ड

***नई दिल्ली।*** *किशोर कुमार भारतीय म्यूजिक इंडस्ट्री के एक ऐसे कोहिनूर रहे, जिसकी चमक कभी फीकी नहीं पड़ेगी। वह सुरों के ऐसे बादशाह रहे, जिन्होंने तरानों में योडलिंग को एक रूप में पेश किया और महारात हासिल की। उन्होंने हजारों सुपरहिट गाने दिए और अपनी जादुई आवाज से कई एक्टर्स को सुपरस्टार बनाया। किशोर कुमार का गाना गाने और रिकॉर्ड करने का स्टाइल भी एकदम अलहदा था। उनका मानना था कि गाने सिर्फ गाए नहीं जाते, बल्कि उन्हें जीया जाता है। तभी तो कभी वह किसी गाने को खाली चाय के कप के साथ गाते, तो किसी गाने को नाक के पास माचिस की डिब्बी रखकर। लेकिन यहां 'संडे सिनेमा' में आपको एक ऐसे गाने के बारे में बता रहे हैं, जिसे किशोर कुमार ने ठोड़ी पर दोनों हाथ रखे और सामने चाय का खाली कप रखकर गाया था। गाना इतना ब्लॉकबस्टर बना कि 54 साल बाद भी यह कानों में मिश्री घोल देता है और खूब हिट है। बात साल 1972 की है। तब बासु चटर्जी 'पिया का घर' नाम से एक फिल्म बना रहे थे। इस फिल्म का म्यूजिक लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने दिया था और आनंद बख्शी ने गानों के लिरिक्स लिखे थे। वैसे तो किशोर कुमार को इस फिल्म में दो गाने गाने थे। ये गाने थे- ये जीवन है, इस जीवन का, और दूसरा था-बंबई शहर की चल तुझको सैर करा दूं।*

#### 'ये जीवन है, इस जीवन का' गाने की रिकॉर्डिंग

अब किशोर कुमार ने 'बंबई शहर की...' गाना तो आसानी से गाकर रिकॉर्ड कर दिया, पर जब 'ये जीवन है' गाने की बात आई, तो मामला पेचीदा हो गया। वो इसलिए क्योंकि किशोर कुमार ने यह गाना जितनी बार भी और जिस भी तरह से गाया, वह लक्ष्मीकांत को पसंद नहीं आया। उन्हें इस गाने के लिए जो फील चाहिए था, वो आ ही नहीं रहा था।

#### बार-बार करते रहे रिहर्सल पर नहीं बनी बात

ऐसे में लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने किशोर दा के साथ एक बार फिर बैठकर गाने की सिचुएशन को ठीक से समझने की कोशिश की। किशोर कुमार ने फिर तीन से चार बार गाने की रिहर्सल की, पर वो बात नहीं आई। किशोर दा कोशिश करते रहे, पर नाकामी मिलती रही। फिर थक-हारकर किशोर कुमार बैठ गए और एक कप चाय मंगवाई।



#### गानों में लाए थे योडलिंग, क्या है ये?

योडलिंग एक तरह का सिंगिंग स्टाइल होता है, जिसमें सिंगर अपनी नॉर्मल आवाज यानी चेस्ट वॉइस और बहुत पतली या ऊंची आवाज के बीच बार-बार और तेजी से बदलाव करते हुए गाता है। किशोर कुमार ने धीरे-धीरे अपने कई गानों में योडलिंग करनी शुरू कर दी। ये गाने हैं, 'ये दिल ना होता बेचारा', 'जिंदगी एक सफर है सुहाना' और 'चला जाता हूं।'

#### दाएं गाल पर दाहिना हाथ टिका पीने लगे चाय, तभी हुआ जादू

किशोर दा के साथ लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल भी चाय पीने बैठ गए और तभी जादू हो गया। किशोर कुमार ने अपने दाएं गाल पर दाहिना हाथ टिकाया और चाय पीते हुए धीरे-धीरे 'ये जीवन है' गाना गुनगुनाने लगे। वो अपनी धुन में मस्त होकर गुनगुना रहे थे, पर तभी लक्ष्मीकांत खुशी से चिल्लाए कि बस बिल्कुल ऐसे ही, ऐसे ही गाना है। यही अंदाज चाहिए था। किशोर दा हैरानी से देखने लगे, पर उन्होंने गाना एक पल के लिए भी बंद नहीं किया। इसके बाद किशोर कुमार ने चाय की टेबल पर ही बैठे हुए, एक हाथ गाल पर रखे-रखे गाना पूरा किया और उसी चाय के कप के साथ सीधे रिकॉर्डिंग रूम में चले गए। हालांकि, तब तक चाय खत्म हो चुकी थी, लेकिन उन्होंने फ्लो बनाए रखने के लिए खाली कप हाथ में पकड़े रखा। वह रिकॉर्डिंग रूम के अंदर गए। लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल के मेत पूरी म्यूजिक और रिकॉर्डिंग टीम फाइनल रिकॉर्डिंग के लिए तैयार हो गई। फिर किशोर कुमार ने कमाल कर दिया। जैसा सोचा था वैसा गाया और गाना जबरदस्त रिकॉर्ड हुआ।

## ईंट-भट्टों, निर्माण स्थलों और दूर-दराज क्षेत्रों में पहुंची मोबाइल टीमें

# राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान में 92.01 फीसदी लक्ष्य किया हासिल

1,26,104 बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने का टारगेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में चलाया गया राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान मंगलवार को संपन्न हो गया। अभियान के अंतर्गत जिले में 0 से 5 वर्ष तक के एक लाख सौलह हजार से अधिक बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई गई। सीएमओ डॉक्टर मंजू कादियान ने बताया कि जिले में पल्स पोलियो अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा बूथों, ट्रांजिट प्वाइंट और मोबाइल टीमों के माध्यम से बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाई गई।

कार्यक्रम अधिकारी एवं जिला प्रतिरक्षण अधिकारी उप सिविल सर्जन डॉक्टर बसंत दूबे ने बताया कि जिले में कुल 1,26,104 बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीमों द्वारा 1,16,032 बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई, जो लक्ष्य का 92.01 प्रतिशत है। विभागीय टीमों ने बूथों के साथ-साथ घर-घर जाकर भी बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई। इसके अलावा ईंट-भट्टों, निर्माण स्थलों, दूर-दराज क्षेत्रों तथा अन्य स्थानों पर जाकर मोबाइल टीमों द्वारा बच्चों को कवर किया गया।

उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि किसी कारणवश कोई बच्चा अभी भी पोलियो की खुराक लेने से वंचित रह गया है तो वे अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर बच्चे को पोलियो की दवा अवश्य पिलवाएं।


झज्जर। बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाते हुए स्वास्थ्य कर्मी।

*विभागीय टीमों ने बूथों के साथ-साथ घर-घर जाकर भी बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई*


झज्जर। कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कर्मचारी नेता। फोटो : हरिभूमि

# एचएसईबी वर्कर्स यूनियन ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

प्रदर्शनी की अध्यक्षता सर्कल सचिव बिजेंद्र फौगाट ने की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार को हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन द्वारा नई कंपनी हरियाणा एग्री डिस्कॉम के गठन के विरोध व अपनी लंबित मांगों को लेकर प्रदर्शन किया गया। बिजली निगम के सर्कल कार्यालय में किए गए इस प्रदर्शनी की अध्यक्षता सर्कल सचिव बिजेंद्र फौगाट ने की जबकि मंच संचालन यूनिट सचिव संजीव छिल्लर द्वारा किया गया। बिजेंद्र फोगाट ने अपने संबोधन में कहा कि निगम द्वारा कर्मचारियों को एचकेआरएनएल में शामिल कर निजीकरण को बढ़ावा दिया है जिस कारण कर्मचारियों में रोष है। वर्षों से काम कर रहे कर्मचारियों को पक्का नहीं किया जा रहा। अब नई कंपनी के गठन की तैयारी चल रही है जिसे निरस्त किया जाना चाहिए।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर विजय हुड्डा, सुमित देशवाल, कृष्ण यादव, लवकेश शर्मा, जेई श्याम गौरव, अमित शर्मा, प्रदीप, सुरेश आदि मौजूद रहे।

# पुलिस कमिश्नर ने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को किया सम्मानित

■ पुलिस विभाग से तीन कर्मचारी हुए सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त होने वाले तीन कर्मचारियों के सम्मान में पुलिस लाइन परिसर में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह, डीसीपी मुख्यालय दीप्ति गर्ग, एसीपी शमशेर सिंह ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पुलिस कमिश्नर ने कहा कि पुलिस सेवा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र के प्रति समर्पण का दायित्व है। सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने अपने लंबे सेवा काल में पूरी निष्ठा, ईमानदारी और कर्तव्यपरायणता के साथ पुलिस विभाग की सेवा कर कानून-व्यवस्था बनाए रखने में योगदान दिया है। उनके अनुभव और कार्यशैली से युवा पुलिसकर्मी निरंतर प्रेरणा लेते रहेंगे। समारोह के दौरान मानद निरीक्षक तेजपाल सिंह, मानद निरीक्षक विजेंद्र सिंह तथा सहायक उप निरीक्षक मुकेश कुमार को उत्कृष्ट एवं सराहनीय सेवाओं के उपरांत सम्मानपूर्वक सेवानिवृत्त किया गया।


झज्जर। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी, पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह एवं अन्य।

# भाई निकला मास्टरमाइंड, 8.50 लाख देकर रची बहन की हत्या की साजिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



शिमला के एक प्रतिष्ठित स्कूल परिसर में हुई महिला की सनसनीखेज हत्या की गुत्थी आखिरकार पुलिस ने सुलझा ली है। इस हत्याकांड का सबसे चौंकाने वाला पहलू यह है कि जिस भाई पर बहन को सुरक्षा देने की जिम्मेदारी थी, वही उसकी हत्या का मास्टरमाइंड निकला।

शिमला के सरस्वती पैराडाइज स्कूल परिसर में रोहतक निवासी मनीषा मित्तल की गोली मारकर हत्या करने के मामले में हिमाचल प्रदेश पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। जांच में सामने आया है कि हत्या की साजिश मनीषा के छोटे भाई हिमांक मित्तल ने अपने दोस्त गोविंद के साथ मिलकर रची थी। लाखों रुपये देकर शूटर भी हायर किए और स्कूल के सीसीटीवी की मदद से बहन की हर गतिविधि पर नजर रखकर उसकी लोकेशन तक हत्यारों को भेजता रहा। पुलिस ने अब तक इस मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एएसपी शिमला मेहर पंवार के अनुसार, जांच के दौरान गिरफ्तार किए गए दोनों शूटरों से पूछताछ में साजिश की पूरी परतें खुलीं। इसके बाद पुलिस ने रोहतक में हिमांक मित्तल को हिरासत में लिया, जबकि उसके दोस्त गोविंद को गिरफ्तार कर शिमला लाया गया। गोविंद को अदालत से चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है, जबकि हिमांक को स्वास्थ्य कारणों से फिलहाल रोहतक में पुलिस निगरानी में रखा गया है और जल्द शिमला ले जाया जाएगा।

# मतदाता जागरूकता को लेकर छात्राओं ने लिखे स्लोगन

■ प्रतियोगिता में चयनित स्लोगनों को महाविद्यालय परिसर की दीवारों पर प्रदर्शित किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


झज्जर। मतदाता जागरुकता संबंधी स्लोगन के साथ उपस्थित शिक्षिका एवं छात्राएं।

महाराजा अग्रसेन महिला महाविद्यालय में भारत निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की वोटर सेल प्रभारी डॉक्टर चित्रलेखा ने किया। छात्राओं ने प्रतियोगिता में बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए मतदान के महत्व, लोकतांत्रिक अधिकारों तथा मतदाता पंजीकरण से जुड़े प्रेरणादायक और प्रभावशाली स्लोगन बनाए। प्रतियोगिता में चयनित स्लोगनों को महाविद्यालय परिसर की दीवारों पर प्रदर्शित किया गया, ताकि विद्यार्थियों एवं आमजन तक मतदान जागरूकता का संदेश प्रभावी रूप से पहुंच सके। डॉक्टर चित्रलेखा ने कहा कि मतदान प्रत्येक नागरिक का संवैधानिक अधिकार होने के साथ-साथ एक महत्वपूर्ण कर्त्तव्य भी है। उन्होंने सभी छात्राओं से अपना मतदाता पहचान पत्र बनवाने, मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने तथा अन्य लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया। प्राचार्या डॉक्टर नीलम गर्ग ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते हैं।

## बुपनिया में हुई बसपा की संगठन समीक्षा बैठक

**बहादुरगढ़।** बहुजन समाज पार्टी की संगठन समीक्षा बैठक गांव बुपनिया में आयोजित की गई। बैठक में हरियाणा प्रदेश प्रभारी नेतराम और महासचिव हेमचंद्र मेहरा ने संगठन की समीक्षा करते हुए विस तथा बूथ स्तर पर संगठन को अधिक मजबूत बनाने पर बल दिया। बैठक में आगामी विस और लोकसभा चुनावों को लेकर संगठन विस्तार, कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी तथा बूथ स्तर तक पहुंच बढ़ाने की रणनीति पर चर्चा की गई। पार्टी पदाधिकारियों ने कार्यकर्ताओं से जनसंपर्क अभियान तेज करने और संगठन को गांव-गांव तक मजबूत बनाने का आह्वान किया। बैठक में गुरुग्राम जिला अध्यक्ष नेतराम बौद्ध, झज्जर जिला अध्यक्ष सतबीर जाखौदा, बादली विधानसभा प्रभारी रामेश्वर बुपनिया, बलवान धानक, बाबूराम, नरेश डाबला, संत दिलबाग, उदय राम, बलराज सहित काफी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कोबी ने करदाताओं की समस्याएं उठाईं

■ जीएसटी कानून एवं प्रक्रियाओं को और अधिक सरल, पारदर्शी, स्थिर बनाने के लिए महत्वपूर्ण एवं रचनात्मक सुझाव प्रस्तुत किए

हहरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

सीजीएसटी के संवाद कार्यक्रम में कॉन्फेडरेशन ऑफ बहादुरगढ़ इंडस्ट्रीज ने उद्यमियों समेत विभिन्न करदाताओं की जीएसटी से संबंधित व्यावहारिक समस्याओं, सुझावों एवं नीति-स्तरीय मुद्दों को उठाया। बैठक में अधिकारियों ने सभी विषयों पर गंभीरता एवं सकारात्मक दृष्टिकोण से चर्चा की तथा अनेक मुद्दों पर आवश्यक स्पष्टीकरण एवं समाधान बताए।

कोबी अध्यक्ष प्रवीण गर्ग के नेतृत्व में कोषाध्यक्ष अशोक कुमार मित्तल ने संयुक्त आयुक्त प्रियंका गुलाटी, सहायक आयुक्त सत्यपाल मलिक, अधीक्षक अमरजीत गोयल, राधेश्याम समेत सभी विभागीय अधिकारियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। सिद्धार्थ जैन, बालकिशन सैनी, अंकुर मित्तल, अधिवक्ता पंकज वशिष्ठ, जयभगवान गर्ग, भावना गर्ग, अमित भारद्वाज, अमित जैन, सुरेश खन्ना तथा गौरव कुमार आदि ने भी सक्रिय सहभागिता करते हुए अपने सुझाव एवं अनुभव साझा किए। अशोक कुमार मित्तल ने जीएसटी पंजीकरण, रिटर्न, इनपुट टैक्स क्रेडिट, रिफंड, ई-वे बिल, क्षेत्राधिकार, विभागीय कार्यवाही समेत अनेक दिक्कतों को अधिकारियों के समक्ष रखा।

साथ ही जीएसटी कानून एवं प्रक्रियाओं को और अधिक सरल, पारदर्शी, स्थिर एवं उद्योग-अनुकूल बनाने के लिए अनेक महत्वपूर्ण एवं रचनात्मक सुझाव भी प्रस्तुत किए गए।



बहादुरगढ़। जीएसटी अधिकारियों का अभिनंदन करते अशोक कुमार मित्तल। फोटो : हरिभूमि

## पिता संग घूमने निकला था दस वर्षीय अस्मत कार की टक्कर से मौत

**सांपला।** मंगलवार सुबह नेशनल हाईवे-9 स्थित सांपला बाइपास पर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में 10 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। घटना के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर अज्ञात कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार मृतक बच्चे के पिता अब्दुल रशीद ने शिकायत में बताया कि उनका 10 वर्षीय बेटा अस्मत मंगलवार सुबह घर से घूमने के लिए निकला था। नेशनल हाईवे-9 पर स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज के सामने सड़क पार करते समय एक कार ने उसे टक्कर मार दी। हादसे में बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल अस्मत को सांपला के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

# नाला निर्माण के नाम पर सड़क तोड़ने का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

प्रेम नगर सेक्टर-2 में नगर परिषद द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों पर सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता नवीन सिंगल ने सवाल उठाए हैं। मामले की निष्पक्ष जांच की भी मांग की है। उन्होंने कहा कि एक मजबूत आरसीसी सड़क को नए नाले के निर्माण के नाम पर तोड़ दिया गया, जबकि फिलहाल इसकी आवश्यकता नहीं थी। मानसून से पहले सड़क अधूरी छोड़ दिए जाने से आवागमन, जलभराव और दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है। नवीन सिंगल ने कहा कि क्षेत्र का मुख्य नाला पिछले करीब 20 वर्षों से टूटा हुआ है, एक सीवर मेनहोल लंबे समय से बिना ढक्कन के खुला पड़ा है और सीवर कार्य के बाद सड़क भी अब तक दुरुस्त नहीं की गई। शिकायतों के बावजूद संज्ञान नहीं लिया गया। ऐसे में जरूरी कार्यों को छोड़कर अच्छी सड़क तोड़ना कार्यों की प्राथमिकता और सार्वजनिक धन के उपयोग पर सवाल खड़े करता है। उन्होंने एसडीएम, उपायुक्त, डायरेक्टर अर्बन लोकल बॉडीज, डिस्ट्रिक्ट म्युनिसिपल कमिश्नर और नगर परिषद अधिकारियों को एक्स के माध्यम से शिकायत भेजी है। मामले की तकनीकी, प्रशासनिक व वित्तीय जांच कराने, सड़क की शीघ्र मरम्मत करने तथा अनियमितता मिलने पर संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों और ठेकेदार के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है।


बहादुरगढ़। नाले के नाम पर तोड़ी गई सड़क।

## डीसी ने बहादुरगढ़ में एसआईआर कार्य का किया निरीक्षण

# एप पर फार्म 14 तक करें अपलोड: उपायुक्त

डिजिटाइजेशन की हर दो-दो घंटे में मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

डीसी वर्षा खांगवाल ने मंगलवार को बहादुरगढ़ के विभिन्न गांवों का दौरा कर एसआईआर-2026 अभियान के तहत चल रहे गणना प्रपत्र संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन कार्य का निरीक्षण किया।

उन्होंने बीएलओ द्वारा मतदाताओं से एकत्रित किए जा रहे गणना प्रपत्रों तथा उनके डिजिटाइजेशन की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। एसडीएम अभिनव सिवाच ने उपमंडल में चल रहे एसआईआर गतिविधियों की विस्तार से जानकारी दी।

डीसी ने मंगलवार को गांव जसौरखेड़ी, आसौदा, जाखोदा व निलोठी आदि में निरीक्षण के दौरान विभिन्न बूथों पर सम्बंधित बीएलओ से गणना फार्म भरवाने और डिजिटाइजेशन को लेकर जरूरी निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि सभी अतिरिक्त ईआरओ व सुपरवाइजर के माध्यम से गणना फार्म के एकत्रीकरण और डिजिटाइजेशन की हर दो-दो घंटे में मॉनिटरिंग सुनिश्चित करें। एसआईआर अभियान को लेकर मतदाताओं से गणना फार्म भरवाने और उन्हें एप पर अपलोड करने के लिए 14 जुलाई तक निर्धारित की गई है।

**प्रपत्र समय पर उपलब्ध कराएं:** इसके उपरांत मतदाता सूचियों का ड्राफ्ट प्रकाशन किया जाएगा। सभी प्रपत्रों को एकत्र कर बिना विलंब के डिजिटाइजेशन किया जाए। ग्रामीण भी बीएलओ को आवश्यक दस्तावेज एवं गणना प्रपत्र समय पर उपलब्ध कराएं।


बहादुरगढ़। एसआईआर प्रक्रिया का जायजा लेती डीसी वर्षा खांगवाल व एसडीएम अभिनव सिवाच। फोटो : हरिभूमि

# उपायुक्त ने किया ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण

■ सीसीटीवी की कार्यप्रणाली का जायजा लिया तथा सुरक्षा संबंधी व्यवस्थाएं भी जांची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

मंगलवार को डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी वर्षा खांगवाल ने जिले के ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में वेयरहाऊस की सुरक्षा व्यवस्था, साफ-सफाई तथा अग्निशमन प्रबंधों का गहन निरीक्षण किया गया।

उन्होंने कहा कि ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाऊस की सुरक्षा निर्वाचन प्रक्रिया की विश्वसनीयता से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। ऐसे में सभी संबंधित अधिकारी निर्धारित मानकों के अनुरूप सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखें तथा नियमित निगरानी सुनिश्चित करें। उन्होंने वेयर हाऊस में स्थापित सीसीटीवी की कार्यप्रणाली का जायजा लिया तथा सुरक्षा संबंधी सभी व्यवस्थाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अग्निशमन यंत्रों की स्थिति और उनकी वैधता की जांच करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी उपकरण समय-समय पर अपडेट किए जाएं तथा उनकी नियमित जांच सुनिश्चित की जाए।


झज्जर। निरीक्षण के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए डीसी वर्षा खांगवाल।

## खबर संक्षेप

### साहब सिंह वर्मा को दी श्रद्धांजलि

**बहादुरगढ़।** दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री स्व. डॉ. साहब सिंह वर्मा की पुण्यतिथि पर मंगलवार को उन्हें याद किया गया। घेवरा मोड़ पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा के दौरान दिल्ली सरकार के मंत्री प्रवेश साहब सिंह वर्मा, बांसुरी स्वराज, मनोज तिवारी व मास्टर आजाद सिंह समेत अनेक नेताओं ने उन्हें नमन किया। सभी नेताओं ने की समाधि पर फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें याद किया। वक्ताओं ने कहा कि साहब सिंह वर्मा ने जो काम किसान के लिए किया है, वो कोई नहीं कर सकता। गांव, गरीब व किसान के नेता स्व. डॉ. साहब सिंह वर्मा के दिखाए मार्ग पर चलने की अपील करते हुए कहा कि वे जमीन से जुड़े महान सोच वाले नेता थे। उन्होंने पं दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन को अपने जीवन का उद्देश्य बनाया था। उनका व्यक्तित्व बहुआयामी था। इस अवसर पर अनेक गणमान्य लोग व भाजपा कार्यकर्ताओं ने सभा में उपस्थित होकर डॉ. साहब सिंह वर्मा को श्रद्धांजलि दी और कहा की उन्होंन सदा ही किसानों के हित के लिए कार्य किए।

## विधायक ने पाइपलाइन व नई गलियों के निर्माण का किया शुभारंभ

# वार्ड-18 में 1 करोड़ 90 लाख से होगी जलनिकासी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के वार्ड नंबर-18 के धर्म विहार व विवेकानंद नगर के लोगों को लंबे समय से चली आ रही जलभराव की समस्या से निजात मिलने वाली है। विधायक राजेश जून ने करीब एक करोड़ 90 लाख रुपए की लागत से जलनिकासी पाइपलाइन एवं विभिन्न गलियों के निर्माण कार्यों का नारियल फोड़कर शुभारंभ किया।

जलभराव की समस्या के स्थाई समाधान के लिए तिरंगा चौक से एमआईई पुल तक एक करोड़ 2 लाख रुपए की लागत से नई पाइपलाइन डाली जाएगी। इस पाइपलाइन में 21 आउटलेट प्वाइंट बनाए जाएंगे, जिससे किसी भी दिशा से आने वाला बरसाती पानी सीधे ड्रेन में पहुंच सकेगा और जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी। इसके अलावा 38 लाख रुपए की लागत से विवेकानंद नगर की गली नंबर 4, 6, 8 और 9 से ड्रेन तक पाइपलाइन बिछाई जाएगी।



**बहादुरगढ़।** वार्ड नंबर-18 में विकास कार्य का शुभारंभ करते विधायक राजेश जून।

### पचास लाख से बनेंगी नई गलियां

विधायक राजेश जून ने बताया कि 50 लाख रुपए की लागत से विभिन्न गलियों का निर्माण कराया जाएगा। इन गलियों के बनने से क्षेत्र के लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी। जून ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में बहादुरगढ़ के विकास के लिए धन की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। विकास कार्यों के शुभारंभ पर पूर्व पार्षद युवराज छिल्लर, नरेश दलाल, जलकर्ण राठी, जयभगवान गुलिया व नरेश छिकारा आदि ने विधायक राजेश जून का स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। लोगों ने कहा कि इन कार्यों के पूरा होने से वर्षों पुरानी जलनिकासी और टूटी गलियों की समस्या का स्थाई समाधान होगा। विधायक राजेश जून ने कहा कि पिछले वर्ष भारी बारिश के दौरान ड्रेन टूटने के कारण धर्म विहार और विवेकानंद नगर की गलियों व घरों में बरसाती पानी भर गया था।



## याद बहुत आते हैं वो दिन...

# तब मोबाइल, टीवी न थी बिजली फिर भी जिंदगी में थी खुशियां

आज का दौर इंटरनेट, स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और एआई का है। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक लगभग हर किसी के हाथ में मोबाइल है। मनोरंजन के लिए टीवी, ओटीटी प्लेटफॉर्म और अनगिनत डिजिटल साधन उपलब्ध हैं। लेकिन जब गांवों और शहरों के बुजुर्ग अपने बचपन की यादें ताजा करते हैं तो उनकी आंखों में एक अलग ही चमक दिखाई देती है। वे बताते हैं कि उस समय न बिजली थी, न टीवी, न मोबाइल और न ही इंटरनेट, फिर भी जिंदगी खुशियों से भरी हुई थी। जी हां, आज से 40-50 साल पहले बेशक सुविधाएं कम थीं, लेकिन जरूरतें भी सीमित थीं। जो उपलब्ध होता था, उसी में संतोष था। घर का बना सादा भोजन, खेतों की ताजी सब्जियां, शुद्ध दूध-दही और मेहनत भरी दिनचर्या लोगों को स्वस्थ रखती थी। पहले लोगों के पास एक-दूसरे के लिए समय था। पड़ोसी सुख-दुख में सबसे पहले साथ खड़े होते थे। त्योहार पूरे गांव के साथ मिलकर मनाए जाते थे और हर घर में एक परिवार जैसा माहौल होता था। जीवन का असली आनंद केवल आधुनिक साधनों में नहीं, बल्कि रिश्तों, सादगी और अपनेपन में छिपा है। परिवार के साथ समय बिताना, बच्चों को खुले मैदान में खेलने देना, पड़ोसियों से मेल-जोल रखना और बुजुर्गों का सम्मान करना बेहद जरूरी है। भले ही दुनिया डिजिटल हो गई हो, लेकिन बुजुर्गों की यादें एहसास कराती हैं कि खुशियां केवल सुविधाओं से नहीं, बल्कि अपने लोगों के साथ बिताए गए समय और आत्मीयता से मिलती हैं।

### दादा-दादी की कहानियां आज भी याद



सूबेदार रामनिवास काजला बताते हैं कि उनके बचपन में शाम ढलते ही गांवों में अंधेरा छा जाता था। घरों में रोशनी के लिए मिट्टी के दीये या लालटेन का सहारा लिया जाता था। रात के समय पूरा परिवार एक जगह बैठकर भोजन करता, आपस में बातें करता और दादा-दादी बच्चों को कहानियां सुनाते थे। परिवार के बीच जो अपनापन था, वह आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में कहीं खोता नजर आता है। चिट्ठियों का इंतजार भी एक खुशी होती थी। आज सब कुछ तुरंत मिल जाता है, लेकिन रिश्तों में पहले जैसा अपनापन कम हो गया है।

### मोबाइल ने छीना बचपन का खेल



अधिवक्ता जगदीश राय कौशिक बताते हैं कि बचपन का अधिकांश समय खुले मैदानों में बीतता था। गिल्ली-डंडा, कबड्डी, खो-खो, पिट्ठू, कंचे, रस्साकूद और पेड़ों पर चढ़ना जैसे खेल रोजमर्रा का हिस्सा थे। बच्चे घंटों खेलते थे, जिससे शरीर भी स्वस्थ रहता था और दोस्ती भी गहरी होती थी। लेकिन आज अधिकांश बच्चे मोबाइल और वीडियो गेम में व्यस्त रहते हैं, जबकि पहले खेल ही मनोरंजन और सीखने का सबसे बड़ा माध्यम थे। आधुनिक तकनीक ने जीवन को आसान बनाया है। मोबाइल और इंटरनेट ने दुनिया को करीब ला दिया है। लेकिन रिश्तों में दूरियां बढ़ा दी हैं।

### चौपाल की महफिलों में बसती थीं खुशियां



एचएल सिटी निवासी ओमप्रकाश राठी कहते हैं कि आज लोग सोशल मीडिया पर घंटों बिताते हैं, लेकिन पहले गांव की चौपाल पर ही जमावड़ा लगता था। शाम को लोग वहां इकट्ठा होकर खेती, मौसम, समाज और परिवार की बातें करते थे। हंसी-मजाक, लोकगीत और किस्सों से माहौल जीवंत रहता था। हमारे समय में न बिजली थी, न टीवी और न मोबाइल। लेकिन दोस्त, खेल और परिवार ही हमारी दुनिया थे। वही पल आज भी सबसे प्यारी याद हैं। तकनीक का उपयोग जीवन को बेहतर बनाने के लिए होना चाहिए, न कि रिश्तों और सामाजिक जीवन की जगह लेने के लिए।

# धूमधाम से मनाया संत कबीर प्रकटोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के राम नगर में स्थित सद्गुरु कबीर साहेब चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा बंदीछोड़ सद्गुरु कबीर साहेब का 628वां प्रकट दिवस उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। पंथ श्री हजूर उदितमुनि नाम साहेब के आशीर्वाद और कृपा से हुए समारोह में गुरु महिमा पाठ, सत्संग भजन और भव्य आरती का आयोजन किया गया। महंत गणेश दास ने प्रेरणादायक प्रवचनों से श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में रामानंद सैनी, सत्यनारायण सैनी, नरेश कुमार, ब्रह्म दत्त, सरिता सैनी व गोपाल कबीरपंथी आदि ने जीव दया और आत्मपूजा की शिक्षा दी। कार्यक्रम में मुकेश सैनी, राजेश सैनी, विरेंद्र राठी, भगवान सैनी, सोनू सैनी, गौरव राठी, प्रवीन सैनी, गोविंद सैनी, सागर राठी, महेंद्र सैनी, महावीर सैनी, राजेश राठी, कृष्ण सैनी, हिमांशु सैनी, अजीत राठी, दिव्यांश सैनी, जीतू सैनी, रोहतास, संजीव व शिव नारायण आदि उपस्थित रहे।



**बहादुरगढ़।** कार्यक्रम में कीर्तन करती महिलाएं व अन्य।

### कबीर साहेब प्रकोटत्सव पर किया कबीरवाणी पाठ

**झज्जर।** इंडियन जागृति मंच द्वारा क्षेत्र के गांव डावला में संत शिरोमणि कबीर साहेब के प्रकटोत्सव के उपलक्ष्य में सोमवार की रात सामूहिक भजन-कीर्तन एवं कबीरवाणी पाठ का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने कबीर साहेब चित्र के समक्ष माथा टेक कर उन्हें नमन किया। मंच के संस्थापक चैनसुख गुरहिया ने बताया कि कार्यक्रम में कबीर वाणी का पाठ तथा कबीर साहेब के प्रसिद्ध दोहों और उपदेशों का गुणगान किया गया। कार्यक्रम में सते महाराज, माड़ूराम, भतेरी देवी व मिश्री देवी द्वारा कबीर साहेब के भजनों और शब्दों का भावपूर्ण गायन करते हुए उपस्थित श्रद्धालुओं को उनके विचारों से अवगत कराया। इस मौके पर राजबीर सिंह, नरेश गुरहिया, जगवीर सिंह, अनिल कुमार, इंदु, बबीता देवी, प्रवीण देवी, राजकरण, अनूप मोरवाल सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



**झज्जर।** कार्यक्रम के दौरान संत कबीरदास महाराज को नमन करते हुए श्रद्धालु।

# स्नातक कक्षाओं में दाखिलों के लिए आवेदन प्रक्रिया पूरी

**झज्जर।** विभिन्न कॉलेजों की बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए और बीसीए इत्यादि स्नातक कक्षाओं में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया पूरी हो गई है। जनसंचार विभागाध्यक्ष एवं मीडिया प्रभारी डॉक्टर अमित भारद्वाज ने बताया कि राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में मंगलवार शाम तक यूजी कक्षाओं की 1200 सीटों के लिए कुल 1768 आवेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होंने बताया कि जिन विद्यार्थियों को अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र में किसी प्रकार का संशोधन करना है, वे एक जुलाई तक कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि दस्तावेजों की ऑनलाइन जांच छह जुलाई तक होगी। ऑनलाइन जांच के लिए कॉलेज में जाने की जरुरत नहीं है। यदि कोई ऑब्जेक्शन होगा तो एसएमएस से रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर सूचना मिल जाएगी। आवेदक को ऑब्जेक्शन दूर करके ऑनलाइन फॉर्म में संशोधन करना होगा। उन्होंने बताया कि पहली प्रोविजनल मेरिट लिस्ट 09 जुलाई को जारी होगी ताकि कोई आपत्ति हो तो उसे दूर कर दिया जाए। पहली फाइनल मेरिट लिस्ट 10 जुलाई को आयेगी। इस लिस्ट में जिन विद्यार्थियों का नाम आएगा, वे 11 जुलाई से 15 जुलाई तक फीस भर सकेंगे। दूसरी प्रोविजनल मेरिट लिस्ट 16 जुलाई को जारी होगी, जबकि दूसरी फाइनल मेरिट लिस्ट 17 जुलाई को आयेगी। इस लिस्ट में जिन विद्यार्थियों का नाम आएगा, वे 18 जुलाई से 22 जुलाई तक फीस भर सकेंगे।



# शिक्षकों को करवाया आपदा प्रबंधन में बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत



**झज्जर।** कार्यक्रम में प्रशिक्षक के साथ उपस्थित शिक्षक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

एमआर सीनियर सेकेंडरी स्कूल हसनपुर में मंगलवार को शिक्षकों के लिए इन-हाउस सीबीएसई डिजास्टर मैनेजमेंट कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को आपदा प्रबंधन, जोखिम न्यूनीकरण, आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित एवं प्रभावी प्रतिक्रिया तथा विद्यालय सुरक्षा से संबंधित दिशा-निर्देशों से अवगत कराना रहा। विशेषज्ञ नीलम जांगड़ा ने शिक्षकों को विद्यालयों में आपदा प्रबंधन की आवश्यकता, आपदा से पूर्व तैयारी, जोखिम मूल्यांकन, सुरक्षित निकासी, प्राथमिक उपचार, अग्नि सुरक्षा, भूकंप, बाढ़, विद्युत दुर्घटनाओं तथा अन्य आपातकालीन परिस्थितियों में अपनाई जाने वाली सावधानियों एवं कार्यप्रणाली बारे विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिक्षक केवल शिक्षण कार्य तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों की सुरक्षा एवं आपातकालीन परिस्थितियों में उनके मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी भी निभाता है। उन्होंने विद्यालय स्तर पर नियमित मॉक ड्रिल, आपदा प्रबंधन समिति के गठन, सुरक्षा उपकरणों के उचित उपयोग तथा विद्यार्थियों में जागरूकता विकसित करने पर विशेष बल दिया। प्राचार्या संगीता कोडान एवं उप-प्राचार्या नेहा शर्मा ने विशेषज्ञ नीलम जांगड़ा का आभार जताते हुए कहा कि इस प्रकार के क्षमता निर्माण कार्यक्रम शिक्षकों के ज्ञान, दक्षता एवं आत्मविश्वास में वृद्धि करते हैं।

## आज खुलेंगे स्कूल: छुट्टियों के साथ मौज-मस्ती खत्म

**बहादुरगढ़।** गर्मी की छुट्टियों में पढ़ाई से ज्यादा बच्चों की मौज-मस्ती ही होती है। छुट्टी के नाम पर ही उनके चेहरे चहकने लगते हैं। बच्चे इसी इंतजार में रहते हैं कि ग्रीष्मावकाश हो और उन्हें सैर-सपाटा करने का भरपूर मौका मिले। मंगलवार को गर्मियों की छुट्टियों का अंतिम दिन था और इसके साथ ही बुधवार से पढ़ाई की कक्षाएं दोबारा शुरू हो जाएंगी। ग्रीष्मावकाश के बाबत पूछने पर विद्यार्थियों ने छुट्टियों के दौरान की गई मौज-मस्ती का उत्साहपूर्वक बयां किया। चेतन्य ने बताया कि इस साल छुट्टियों में बहुत मजा आया। पढ़ाई की चिंता से दूर जी भर के घूमने को मिला। वंशिका ने बताया कि छुट्टियों के दौरान कई कार्यक्रमों में मस्ती करने का अच्छा मौका मिला। अब सारी मस्ती खत्म और स्कूल खुलने का समय आ गया। जाह्नवी ने कहा कि छुट्टियां ज्यादा रहती तो और मजा आता। लेकिन अब पढ़ाई के साथ परीक्षाओं की तैयारी करनी हैं।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

# नवनियुक्त जिला प्रभारी ने बेरी व झज्जर विधानसभा केंद्र प्रमुखों के साथ की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर



**झज्जर।** नवनियुक्त जिला प्रभारी का स्वागत करते हुए मनीष बंसल।

भारतीय जनता पार्टी के कमलम कार्यालय में मंगलवार को नवनियुक्त जिला प्रभारी हरविंद कोहली ने बेरी एवं झज्जर विधानसभा के केंद्र प्रमुखों की बैठक ली। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि ने की। बैठक में संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक संगठनात्मक गतिविधियों को प्रभावी बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला प्रभारी हरविंद कोहली ने सभी केंद्र प्रमुखों से संगठन की योजनाओं को प्रत्येक कार्यकर्ता तक पहुंचाने तथा बूथों को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया। जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि ने कहा कि संगठन की वास्तविक शक्ति बूथ एवं केंद्र स्तर के कार्यकर्ताओं में निहित है। उन्होंने सभी केंद्र प्रमुखों से नियमित बैठकें आयोजित करने, प्रत्येक बूथ पर संगठनात्मक गतिविधियों को गति देने, नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने तथा केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ है और सभी के सामूहिक प्रयासों से भारतीय जनता पार्टी को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा। इस दौरान कार्यकर्ताओं द्वारा प्रत्येक केंद्र पर सक्रियता बढ़ाने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना, संजय कबलाना, मनीष बंसल, जिला प्रवक्ता गीतांशु चावला, संजीव सैनी, जय किशन छिल्लर, दिनेश शेखावत, सुनीता चौहान सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# दुकानदारों ने सीएम से लगाई न्याय की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शिवा मार्केट के दुकानदारों ने दिल्ली के हरियाणा भवन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की। इस दौरान उन्हें ज्ञापन सौंपकर अपनी दुकानों को लेकर न्याय की गुहार लगाई। दुकानदार श्याम मुंजाल, संजीव भाटिया, राजू दुआ, पंकज बूटानी, सतपाल चावला, सूबे सिंह व पुनीत आदि ने भाजपा नेता जसबीर सैनी के नेतृत्व में सीएम नायब सैनी से भेंट की। दुकानदारों ने आरोप लगाया कि वक्फ बोर्ड के सहयोग से कुछ लोग उनकी दुकानों पर अवैध रूप से कब्जा करने और उन्हें अपने नाम कराने का प्रयास कर रहे हैं। जबकि वे पिछले करीब 30 वर्षों से शिवा मार्किट में अपनी दुकानों के माध्यम से परिवार का पालन-पोषण कर रहे हैं। इन दिनों सभी दुकानदार मानसिक और आर्थिक रूप से परेशान हैं। उनके अनुसार खसरा नंबर 2166 में करीब 15 दिन पहले भी कथित रूप से कब्जे का प्रयास किया गया था। अब दो दुकानों को लेकर नया मामला सामने आया है और अन्य दुकानदारों को भी धमकाया जा रहा है। जसबीर सैनी ने कहा कि मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और कानून के अनुसार कार्रवाई की जानी चाहिए।



**बहादुरगढ़।** सीएम को पूरे मामले से अवगत करवाते दुकानदार।



**झज्जर।** होनहार खिलाड़ी को सम्मानित करती पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह।

## रजत पदक विजेता निशानेबाज को किया सम्मानित

**झज्जर।** विश्व जूनियर शूटिंग चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर देश और जिले का नाम रोशन करने वाले युवा निशानेबाज प्रतीक को पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह ने अपने कार्यालय में सम्मानित किया। उन्होंने प्रतीक को शुभकामनाएं देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि उसकी उपलब्धियां जिले के युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने कहा कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और समर्पण से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। बता दें कि गांव कबलाना निवासी प्रतीक ने 16 से 26 जून तक जर्मनी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय खेल निशानेबाजी महासंघ विश्व जूनियर शूटिंग चैंपियनशिप की 50 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता है।

## एशियन चैंपियनशिप: 57 किलोग्राम फ्रीस्टाइल भारवर्ग में रजत पदक जीता

# थाईलैंड में छाया मांडोठी का नितेश दलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

थाईलैंड के पट्टाया सिटी में आयोजित अंडर-15, 20 एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में मांडोठी का नितेश दलाल छाया रहा। शानदार प्रदर्शन करते हुए नितेश ने अंडर-15 में भारत के लिए 57 किलोग्राम फ्रीस्टाइल भारवर्ग में सिलवर मेडल जीता। उसकी जीत पर परिजनों व कुश्ती प्रेमियों ने खुशी जताई है। गत 27 जून से शुरू हुई यह चैंपियनशिप आगामी 5 जुलाई तक चलेगी। प्रतियोगिता में मांडोठी स्थित हिंद केसरी सोनू अखाड़े के 5 पहलवान भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इनमें शामिल नितेश दलाल ने पूरे टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन किया। क्वालिफिकेशन मुकाबले में उन्होंने मंगोलिया के पहलवान को 10-0 से हराया। इसके बाद क्वार्टर फाइनल में ताइवान के पहलवान को 11-0 के बड़े अंतर से मात दी। सेमीफाइनल में कजाकिस्तान के पहलवान को 9-0 से हराकर शानदार अंदाज में फाइनल में प्रवेश किया। खिताबी मुकाबले में नितेश का सामना जापान के पहलवान से हुआ। कड़े संघर्ष के बावजूद उन्हें हार का सामना करना पड़ा और वे गोल्ड मेडल से चूक गए। हालांकि उन्होंने भारत के लिए सिल्वर मेडल जीतकर बड़ी उपलब्धि अपने नाम की। प्रतियोगिता में भारतीय टीम के साथ कोच धर्मेंद्र दलाल भी थाईलैंड में मौजूद हैं। नितेश की इस उपलब्धि पर परिजनों, साथी पहलवानों और खेल प्रेमियों ने खुशी जताते हुए उन्हें बधाई दी है। अब सभी की नजर अंडर-20 वर्ग के मुकाबलों पर है, जहां हिंद केसरी सोनू अखाड़े के रोहित दलाल (57 किग्रा फ्रीस्टाइल), साहिल दलाल (86 किग्रा फ्रीस्टाइल), विकास दलाल (87 किग्रा ग्रीको-रोमन) और दिशांत रुहाल (130 किग्रा ग्रीको-रोमन) भारतीय चुनौती पेश करेंगे।



**बहादुरगढ़।** कोच धर्मेंद्र दलाल के साथ मेडल विजेता नितेश दलाल।